# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :गोप0 / प्रयो0 / 616
दिनांक: 15.12.2020

## प्रेस–विज्ञप्ति

अन्तिम सेमेस्टर जून 2020 एवं वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) अन्तिम वर्ष 2020 के विभिन्न समस्त पारम्परिक पाठ्यक्रमों (traditional course)/विषयों के ऐसे विद्यार्थी जो किन्हीं कारणवश प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मलित नहीं हो सके हैं, उन्हे छात्र हित में विश्वविद्यालय द्वारा एक अन्तिम अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

अतः ऐसे सभी छात्र/छात्राऐं जो प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मलित नहीं हो सके है, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा में सम्मलित होने हेतु अपना आवेदन–पत्र कालेज से अग्रसारित कराकर तथा इंडियन बैक की विश्वविद्यालय शाखा में निर्धारित शुल्क रू0 1500/–(एक हजार पॉच सौ रूपये मात्र) प्रति छात्र व प्रति कोड जमा कर एवं प्रवेश पत्र व उपस्थिति पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुये आवेदन पत्र प्रत्येक दशा में **दिनांक 21.12.2020 तक** गोपनीय विभाग की खिड़की न0 40 पर जमा कराना सुनिश्चित करें। तदोपरान्त उक्त प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु केन्द्र निर्धारित किये जायेगें जिसकी सूचना मुख्य समाचार पत्रों एवं विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर अपलोड की जायेगी। **उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा से सम्बन्धित कोई भी आवेदन–पत्र उपरोक्त परीक्षा हेतु ग्राह्य नहीं होगा।**

नोटः– भूतपूर्व छात्र/छात्राओं सहित ऐसे विद्यार्थी जो वार्षिक परीक्षा वर्ष 2020, सेमेस्टर परीक्षा जून 2019 से पूर्व वर्षो में विभिन्न कारणोंवश प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मलित नहीं हो सके है तथा कालबाधित की श्रेणी में नहीं आते है उन्हे भी अपनी उपाधि पूर्ण करने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि रू0 4500/–(चार हजार पॉच सौ रूपये मात्र) प्रति छात्र/प्रति कोड जमा कर अपना आवेदन उक्त वांछित संलग्नकों सहित गोपनीय विभाग की खिड़की न0–40 पर उक्त नियत तिथि तक जमा कर उक्त प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

15/12/2020
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. व्यैक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. व्यैक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
04. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
05. विश्वविद्यालय पूछताछ कक्ष एवं सूचना पट।
06. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
07. सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे समस्त सम्बन्धित परीक्षार्थियों को व्यापक स्तर पर सूचित कराया जाना सुनिश्चित् करते हुए उक्त हेतु निर्धारित अवधि में सम्पन्न कराने हेतु अपना प्रत्यावेदन विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग की खिड़की न0 40 पर जमा कराना सुनिश्चित करें।
08. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त मौखिक परीक्षा केन्द्र/कार्यक्रम को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के <u>सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए</u>, छात्र हित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव(गोप0)